नैक मूल्यांकित - 'ग्रेड 'B'
☎ : 05833-251059
महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बिल्सी, (बदायूँ) उ0प्र0 पिन-243633

पत्रांक :
दिनांक.........................

रोवर्स / रेंजर्स (आख्या)

राजनीति विज्ञान विभाग

सत्र 2019-20. 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत'

भारत स्काउट एवं गाइड नवयुवकों के लिए एक स्वयंसेवी, गैर सरकारी शैक्षिक आन्दोलन है जो 'व्यक्ति' से ज्यादा 'सेवा' को महत्व देता है। राष्ट्रीय एकता और युवा वर्ग की शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक उन्नति के लिए स्काउटिंग एवं गाइडिंग भारत में ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण विश्व में एक सशक्त माध्यम के रूप में स्थापित है। महाविद्यालय में रोवर्स / रेंजर्स इकाई संचालित है, जिसके माध्यम से रोवर्स / रेंजर्स में बहुमुखी व्यक्तित्व विकास तथा उनमें सेवा, सौहार्द, सहयोग, स्वावलम्बन, स्वदेश प्रेम और विश्व बन्धुत्व की भावना का विकास करना है।

24.09.2019 को महाविद्यालय के रोवर्स / रेंजर्स एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र / छात्राओं ने बिल्सी क्षेत्र में प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के विषय में एक जागरूकता रैली निकाली तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के पर्यावरण व स्वास्थ्य पर पड़ने वाले कुप्रभावों के प्रति लोगों को जागरुक किया। इस अवसर पर रोवर्स / रेंजर्स, एन एस एस व पर्यावरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसके परिणाम निम्नवत् रहे —

प्रथम स्थान — प्रेरणा शर्मा बी० ए० III पुत्री श्री अवधेश शर्मा

द्वितीय स्थान — अजीत कुमार बी० ए० III पुत्र श्री रामचरन लाल

तृतीय स्थान — (1) गायत्री बी० ए० III पुत्री श्री नेम सिंह
(2) अजीत कुमार बी० ए० III पुत्र श्री ओम प्रकाश

विजयी प्रतिभागियों को महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा वार्षिक समारोह में सम्मानित किया गया।

सन् 2019-20 में महाविद्यालय प्राँगण में दिनाँक 21.01.2020 से दिनाँक 23.01.2020 तक त्रिदिवसीय रोवर्स / रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सँचालक जिला ट्रेनिंग कमिश्नर मोहम्मद असरार ने प्रशिक्षणार्थियों को स्काउट एवं गाइड के इतिहास,

contd.-

Scanned by CamScanner

नैक मूल्यांकित - 'ग्रेड 'B'
☎ : 05833-251059
महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बिल्सी, (बदायूँ) उ0प्र0 पिन-243633

पत्रांक :

दिनांक.........................

राजनीति विज्ञान विभाग

शिविर के नियम, बी.पी. 6, सलामी देने व मार्च पास्ट करने, गांठे बन्धन, टैन्ट, स्ट्रैचर निर्माण, प्राथमिक चिकित्सा आदि का विधिवत् प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

शिविर के दूसरे दिन रोवरिंग/रेंजरिंग के प्रशिक्षण के साथ-साथ तीसरे दिन आयोजित होने वाली टैन्ट पिचिंग प्रतियोगिता हेतु टोली निर्माण किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। शिविर के तीसरे दिन टैन्ट पिचिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। निर्णायक मण्डल में श्री शाहबुद्दीन अली खाँ व श्रीमती आराधना वर्मा रहे। विजयी टोलियों को प्राचार्या डॉ० वसुधा द्वारा पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। तीन दिन के इस प्रशिक्षण शिविर में पाँच श्रेष्ठ रोवर्स व दस श्रेष्ठ रेंजर्स का भी चयन किया गया जिन्हें मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त कैम्प में प्रतिभागिता करने वाली सभी टोलियों को भी प्राचार्या जी द्वारा मेडल प्रदान किए गए। अन्त में प्राचार्या जी द्वारा जिला ट्रेनिंग कमिश्नर मो० असरार जी को शॉल व प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

दिनाँक 21-01-2020 से दिनाँक 23-01-2020 तक सम्पन्न त्रिदिवसीय रोवर्स/रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर में आयोजित टैन्ट पिचिंग प्रतियोगिता का परिणाम निम्नवत् रहा –

प्रथम स्थान – भारत रत्न डॉ० भीमराव अम्बेडकर टोली
द्वितीय स्थान – माता सावित्री बाई फुले टोली
तृतीय स्थान – रानी लक्ष्मी बाई टोली

contd-

Scanned by CamScanner

नैक मूल्यांकित - 'ग्रेड 'B'
☎ :05833-251059
महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बिल्सी, (बदायूँ) उ0प्र0 पिन-243633

दिनांक..........................

पत्रांक :

राजनीति विज्ञान विभाग

25 जनवरी, 2020 को 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर बिल्सी तहसील प्रशासन द्वारा आयोजित मतदाता जागरुकता रैली में महाविद्यालय के रोवर्स / रेंजर्स ने प्रतिभागिता की तथा क्षेत्र के निवासियों को मताधिकार एवं मतदान करने हेतु जागरुक किया। इस अवसर पर आयोजित रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता में भी रोवर्स / रेंजर्स ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय में मतदान हेतु शपथ दिलायी गयी तथा पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। रोवर्स / रेंजर्स तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के परिणाम निम्नवत् रहे -

प्रथम स्थान - अदिति शर्मा बी० ए० प्रथम वर्ष
द्वितीय स्थान - शिवानी बी० ए० तृतीय वर्ष
तृतीय स्थान - अँकित शर्मा एम.ए. द्वितीय वर्ष (राजनीति विज्ञान)

विजयी प्रतिभागियों को प्राचार्या जी द्वारा वार्षिक समारोह में पुरस्कृत किया गया।

डा० पंकज कुमार सिंह
रोवर्स लीडर

डा० डॉली
रेंजर्स लीडर

end.

Scanned by CamScanner